# एक्सप्रेस वे से यूपी के सभी जिले जोड़े जाएंगे

**विजन डाक्यूमेंट**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए सरकार वर्ष 2030 को टेकऑफ प्लेटफॉर्म की तरह इस्तेमाल करेगी।

उत्तर प्रदेश में विकास को गति देने के लिए सरकार योजना बना रही है कि 2030 तक प्रदेश के हर जिले को एक्सप्रेस वे से जोड़ दिया जाए। इसके अलावा हर जिले में कम से कम एक औद्योगिक परिक्षेत्र विकसित हो। एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बाद हर औद्योगिक क्षेत्र में तैयार उत्पादों को पोर्ट या गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

## वन क्षेत्र 13-14 प्रतिशत किया जाएगा

विकसित यूपी 2047 के तहत उत्तर प्रदेश का वन क्षेत्र भी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि विकास की रफ्तार प्रदेश की जलवायु पर विपरीत प्रभाव न डाले। मौजूदा समय में प्रदेश में कुल 10 प्रतिशत ट्री कवर एरिया है। जिसे 2030 तक बढ़ाकर 13 से 14 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है।